दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, बुधवार 22 मई 2019
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### मंत्री टीएस सिंहदेव के चाचा उमेश्वर शरण सिंहदेव का निधन



रायपुर (आरएनएस)। सरगुजा राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टीएस सिंहदेव के चाचा उमेश्वर शरण सिंहदेव का निधन हो गया। वे विगत दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रद्धांजलि दी है। विदित हो कि उमेश्वर शरण सिंहदेव का पिछले लंबे समय से स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा था। रामकृष्ण अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया था, जहां उनका निधन हो गया। कैबिनेट मंत्री टीएस सिंहदेव इन दिनों राज्य से बाहर है। अपने चाचा के निधन की जानकारी मिलने के बाद अब वे सीधे सरगुजा पहुंचेंगे। इधर उमेश्वर शरण सिंहदेव के निधन की जानकारी मिलते ही शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह, विधायक पारसनाथ राजवाड़े एवं प्रदेश कांग्रेस महामंत्री शैलेश नितिन त्रिवेदी रामकृष्ण अस्पताल पहुंचे हुए है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है। ज्ञात हो यू.एस. सिंहदेव का सहकारिता के क्षेत्र में चिर परिचित नाम रहा है। यू एस सिंहदेव महाराज कुमार चंडिकेश्वर शरण सिंहदेव के पांच पुत्रों में चौथे पुत्र थे। अविभाजित सरगुजा में वे लंबे अरसे तक जिला कांग्रेस के अध्यक्ष थे। उमेश्वर शरण सिंहदेव के निधन से राज परिवाहर सहित पूरे अंचल में शोक की लहर है।

### मतगणना हेतु 23 मई को प्रातः 6 बजे खुलेगा स्ट्रांग रूम

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2019 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 2 रायगढ़ जिले के लिए विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ में मतदान के दौरान उपयोग में लाए गए ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीनों को नवीन केआईटी महाविद्यालय गढ़उमरिया रायगढ़ स्थित स्ट्रांग रूम में केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती में सुरक्षित रखा गया है। 23 मई को प्रातः 8 बजे से नवीन केआईटी महाविद्यालय गढ़उमरिया में मतगणना कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस हेतु 23 मई को प्रातः 6 बजे स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने जिले के सर्वअभ्यर्थीगण एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारियों को प्रातः 6 बजे स्ट्रांग रूम खोले जाने के दौरान नवीन केआईटी महाविद्यालय रायगढ़ में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

### मतगणना कार्य हेतु नियुक्त प्रेक्षकों के लाईजनिंग व कार्यालयीन कार्य हेतु अधिकारी-कर्मचारी नियुक्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2019 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 2 रायगढ़ (अजजा) के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना कार्य हेतु नियुक्त प्रेक्षकों (आब्जर्वर)के लाईजनिंग एवं कार्यालयीन कार्य हेतु अधिकारी-कर्मचारियों को आगामी आदेश पर्यन्त तक आदेशित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा लैलूंगा एवं रायगढ़ के लिए आब्जर्वर श्रीमती के.उमारानी के लिए मतगणना कार्य हेतु नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों में सहायक आयुक्त आबकारी दिनकर वासनिक, मनोज चन्द्रा, प्रकाश रामटेके, संजय कुमार खुटे एवं संजू कुमार साहू शामिल है। इसी तरह विधानसभा सारंगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ के लिए आब्जर्वर हितेश देव शर्मा के लिए मतगणना कार्य हेतु कार्यपालन अभियंता संजय सिंह, राधेश्याम दास, तनमय दास गुप्ता, सुखलाल कंवर एवं डोला प्रसाद दीवान शामिल है।

## ग्रामीण के सूने घर से 38 हजार के सामान की चोरी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्रामीण के सूने मकान का ताला तोड़ कर अज्ञात चोर लगभग 38 हजार का सामान ले उड़े। जिसमें चांदी सोने के गहने के अलावा धान एवं गैस का सिलेंडर भी शामिल हैं। ग्रामीण की रिपोर्ट पर पुलिस ने 20मई कोअज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 का अपराध पंजीबद्ध कर के मामले की विवेचना शुरू कर दी है । यह घटना ग्राम केनाभांठा पंचायत मदनपुर की है।



पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रदीप कुमार चंद्रा पिता सेवकराम चंद्रा ग्राम केनाभांठा का निवासी है और पास के ही गांव के ईटा भट्ठा में काम करता है। बीच-बीच में वह घर भी जाया करता है। उसके पीछे से उसका भाई सत्यनारायण चंद्रा उसके घर में रहता है। 16 मई को सत्यनारायण चंद्रा शादी में घर में ताला बंद करके गया था। शाम को जब प्रदीप कुमार चंद्रा अपने घर में देखा तो घर का ताला खुला हुआ था और अंदर का सामान अस्त-व्यस्त था तब उसने आसपास के लोगों को बुलाकर घर में प्रवेश किया तो उसकी पैरों के तले से जमीन खिसक गई क्योंकि घर का काफी सामान चोर पार कर चुके थे। जिसमें 6 कट्ठा धान, दो नग साड़ी, दो सलवार सूट, एक खाली गैस सिलेंडर, कांसा की थाली एवं लोटा, सोने का 3 मासा का हार एवं 20700 नगद शामिल है। इस प्रकार अज्ञात चोर कुल मिलाकर जुमला 37900 का सामान लेकर भाग खड़े हुए। प्रदीप कुमार चंद्रा की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 454 एवं 380 का अपराध पंजीबद्ध कर के मामले की छानबीन शुरू कर दी है। ग्रामीण के सूने मकान में इस तरह चोरी होने से एक बार फिर पुलिस पर सवालिया निशान लग गया है साथ ही चोरों के बुलंद हौसले भी जाहिर हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में चोरियां निरंतर बढ़ रही हैं और पुलिस कुछ भी नहीं कर पा रही है।

## जिले में गौ तस्कर फिर से हुए सक्रिय

### खरसिया व धरमजयगढ़ में पकड़ाए गौ तस्कर



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिले में गौ तस्कर एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं और गौ वंश को लेकर बाहरी प्रांतों में बेचने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे रोकने के लिए गौ रक्षक दल अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं।

सफेद रंग की मैक्स पिकअप सी जी 10सी1360 में आधा दर्जन से अधिक गौ तस्कर गायों को लादे शहर के आउटर जंगली इलाके में धूमते दिखे। क्षेत्रवासी गौ रक्षक दल को बरभौना रेलवे फ्लाईओवर के आस-पास एक मैक्स में पीछे कई लोग दिखाई दिये। ये लोग गाड़ी में लदी गाय बैल को नीचे दबाने का प्रयत्न कर रहे थे। फिर क्या,गौ रक्षक दल ने तुरंत ही 112 छाल थाना को सूचना दे दिया। स्थानीय निवासी ने बताया कि गौ तस्कर इतने चालाक थे कि वे करीब घंटो तक पुलिस के साथ आंख मिचौली करते रहे। बाबजूद वाहन और सात नग गौ वंश छोड़ कर गौ तस्कर पुलिस को छका कर नौ दो ग्यारह हो गये ऐसा बताया जा रहा हैं । पुलिस और गौ तस्करों के बीच ये खेल करीब एक घंटे तक यूं ही चलता रहा।

**छाल क्षेत्र में भी पकडाया गौ वंश** – गौ वश को बरभौना में छोड़े जाने मुख्य कारण बताया जा रहा कि चार गाय,तीन बैल पकड़े थे उसमें से तीन गाय एक बैल कार्यवाही के दौरान हो गाय गायब,या कुछ और बात... यह हम नही छाल थाना के जिम्मेदार, बरभौना गांव के रहवासी,देहाती नालशी के गवाह का कहना हैं। पिकप में अवैध रूप से मवेशी गाय बैल को बांधकर क्रूरतापूर्वक ले जाने के सुनियोजित तरीके से ले जाया जा रहा था। गाय बैल को रस्सियों के बंधा हुआ मिला। वही मौके से आरोपी व ड्राईवर फरार हो गए। उपरोक्त बातें दवानल की तरह फैल गई। बात की जानकारी स्थानीय मीडिया तक पहुँचते हीं आनन-फानन में पंचनामा विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया आखिर संख्या कम किए जाने का कारण क्या हैं ? जिले के कुछ थानों में पदस्थ विभागीय कर्मचारियों के लापरवाही आए दिन कुछ ऐसा लापरवाही कर जाते हैं । जिसके कारण विभाग के छवि धूमिल हो रही हैं ।

## मतगणना के लिए अधिकारियों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2019 के तहत आगामी 23 मई को होने वाली मतगणना के लिए सोमवार को जिले के मास्टर ट्रेनर, गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक और माइक्रो आब्जर्वर को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर प्राचार्य राजेश डेनियल, अनिल गुप्ता एवं भुनेश्वर पटेल ने मतगणना के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना का कार्य गंभीरता से करना होगा। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों को तकनीकी पहलुओं एवं बारीकियों के बारे में एक-एक करके जानकारी दी।



मास्टर ट्रेनर ने अधिकारियों को स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन को लाने और सील करने के साथ अंतिम परिणाम की घोषणा करने के संबंध में भी जानकारी दी। प्रशिक्षण में बताया गया कि विधानसभावार पांच-पांच मतदान केन्द्रों के व्हीव्हीपेट के मतों की गिनती की व्यवस्था के बारे में बताया। इलेक्ट्रानिक डाकमत पत्र, पोस्टल बैलेट गिनती के बारे में भी जानकारी दी और मतगणना स्थल में प्रवेश करने के लिए प्रवेश पासकार्ड अनिवार्य है। उल्लेखनीय है कि केआईटी महाविद्यालय गढ़उमरिया रायगढ़ मतगणना स्थल में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। साथ ही अन्य बुनियादी सुविधा भी सुनिश्चित की गई है।

## गोवर्धनपुर में पानी की भारी किल्लत

### » शिव सेना ने सौंपा आयुक्त को ज्ञापन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगर निगम में नये जुड़े वार्डों में आज भी मुलभुत सुविधाएं ग्राम पंचायत की तरह ही हैं। वार्ड क्रमांक 47 के गोवर्धनपुर में तीन बोरिंग है जिनमें पानी की जगह हवा निकल रही है। इस वजह से इस क्षेत्र में पानी की भारी किल्लत हो गई है। शिव सेना द्वारा नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंप कर पानी की समस्या का निराकरण करने की मांग की गई है। निदान नहीं होने पर निगम प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने की चेतवानी दी गई है।



वार्ड क्रमांक 47 के गोवर्धनपुर में पानी की भारी किल्लत है। यहां तीन बोरिंग है,लेकिन भीषण गर्मी से भू-जल स्तर काफी निचे चला गया है। इसके परिणाम स्वरूप हैण्डपंप हवा उगल रहे हैं। वर्तमान में पानी की भारी समस्या हो गई है तथा वार्ड के लोग केलो नदी से पानी लाकर पेयजल का उपयोग करने पर मजबुर हैं। इस समस्या को देखते हुए शिव सेना के ब्लाक अध्यक्ष विजय लकड़ा ने क्षेत्रवासियों के साथ नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंप कर गोवर्धनपुर में अतिशीघ्र पानी की समस्या के निराकरण करने की मांग की है। शिव सेना की ओर से दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि पानी की समस्या पर नगर निगम यदि ध्यान नहीं देता है तो शिव सेना आंदोलन का रूख अपनायेगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐश्वर्या श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480